## वित्त विभाग

16. राष्ट्रीय सूचना केन्द्र (NIC) द्वारा "Bihar SNA-SPARSH for Just-in-time payments (BIHAR SNA-SPARSH)" सॉफ्टवेयर के विकास/अनुकूलन, परीक्षण, संवर्धन, रखरखाव, प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण एवं कार्यान्वयन हेतु मनोनयन के आधार पर अगले दो वर्षों के लिए ₹5,75,39,000 (पाँच करोड़ पचहत्तर लाख उनतालीस हजार रूपये) मात्र की स्वीकृति के संबंध में। — 16. स्वीकृत।

## सहकारिता विभाग

17. राष्ट्रीय स्तर की सहकारी संस्था 'नेशनल को-ऑपरेटिव एक्सपोर्ट लि०' (NCEL) हेतु राज्य में कार्यरत सहकारी संस्था 'बिहार स्टेट को-ऑपरेटिव मार्केटिंग यूनियन लि० (BISCOMAUN) को 'राज्य स्तरीय नोडल एजेन्सी' नामित किये जाने के संबंध में। — 17. स्वीकृत।

## सहकारिता विभाग

18. "प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना" (PMFBY) को वित्तीय वर्ष 2026-27 के रबी मौसम से राज्य में पुनः कार्यान्वयन की प्रशासनिक स्वीकृति के संबंध में। — 18. स्वीकृत।

## सूचना प्रावैधिकी विभाग

19. राज्य सरकार के सभी विभागों/निगमों/निकायों/बोर्डों इत्यादि में क्रियान्वित ई-क्रय 2.0 प्रणाली से संबंधित निविदा शुल्क में पुनरीक्षण एवं अंतर्राष्ट्रीय निविदाकारों हेतु निविदा शुल्क के निर्धारण की स्वीकृति के संबंध में। — 19. स्वीकृत।

## सूचना प्रावैधिकी विभाग

20. आई०आई०टी० पटना रिसर्च पार्क के निर्माण कार्य का कार्यान्वयन भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना एवं सम्पूर्ण योजना का संचालन एवं प्रबंधन आई०आई०टी० पटना के द्वारा किये जाने की स्वीकृति के संबंध में। — 20. स्वीकृत।

## सूचना प्रावैधिकी विभाग

21. इन्क्यूबेशन सेंटर आई०आई०टी० पटना फेज-2 योजनान्तर्गत कंस्ट्रक्शन ऑफ हॉस्टल का कार्यान्वयन भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना तथा सम्पूर्ण योजना का संचालन एवं प्रबंधन आई०आई०टी० पटना के द्वारा किये जाने की स्वीकृति के संबंध में। — 21. स्वीकृत।